# चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ

पत्रांक : कमेटी सैल/(प्रोफे० कोर्स)/5254
दिनांक : 22.10.2022

## अधिसूचना

एतद्द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि विश्वविद्यालय से सम्बद्ध स्वःवित्त पोषित योजनान्तर्गत संचालित B.B.A./B.C.A./B.A. LL.B. 5 Year Integrated /B.Com LLB 5 Year Integrated/B.J.M.C./B.Voc/B.Sc. (Computer Sc.)/B.Sc. (Home Sc.)/B.Sc. Home Sc. (Clinical Nutrition & Dieteties)/ B.P.E.S/**B.Sc. (Jewellery Design)**/B.L.I.Sc./M.J.M.C./M.I.B./M.B.E./M.Sc. (Bio-Technology)/M.Sc. (Bio-Chemistry)/M.Sc. (Microbiology)/M.Sc. (Bio-Informatics)/M.C.S./M.Sc. (Computer Science)/ M.Sc.Home Sci.(Home Management)/M.Sc.(Humen Development)/M.F.A./ Integrated M.Tech. (Bio-tech./ETC)/B.Tech. - M.B.A. in (CS/Civil)/M.P.E.S./M.L.I.Sci. पाठ्यक्रमों की **सत्र 2022–23** की विषम सेमेस्टर **(दिसम्बर–2022)(प्रथम सेमेस्टर को छोडकर) III/V/VII/IX** की (मुख्य परीक्षा) एवं विगत वर्षों/सत्रों की निर्धारित समयावधि में अर्ह छात्रों की (भूतपूर्व एवं बैक पेपर) परीक्षाओं हेतु परीक्षा फार्म विश्वविद्यालय की वेबसाइट **www.ccsuniversity.ac.in** एवं **www.ccsuweb.in** पर ऑन लाईन (On Line) भरें जायेंगे। परीक्षा फार्म भरने की प्रक्रिया निम्न प्रकार होगी:–

**नोटः– प्रथम सेमेस्टर/स्पेशल सम सेमेस्टर परीक्षा फार्म के विषय मे पृथक से विज्ञप्ति जारी की जायेगी।**

फार्म भरने की प्रक्रिया प्रारम्भ करने से पूर्व निर्देशों को ठीक से पढ़ें:–

1. सर्वप्रथम विश्वविद्यालय वेबसाइट **www.ccsuniversity.ac.in** पर जाकर UG & PG Classes under Self Finance Scheme पर Click करें।

2. समस्त सम्बन्धित विद्यार्थियों को परीक्षा फार्म भरते समय अपना फोटो एवं हस्ताक्षर अपलोड करना अनिवार्य है। विद्यार्थी अपने परीक्षा फार्म पर अलग से फोटो न चिपकाये अन्यथा की दशा में परीक्षा फार्म निरस्त किया जायेगा। विद्यार्थी अपना परीक्षा फार्म ध्यान से भरे क्योंकि परीक्षा फार्म केवल एक बार ही भरा जायेगा।

3. तृतीय, पंचम, सप्तम एवं नवमं सेमेस्टर एवं भूतपूर्व/बैक पेपर परीक्षा के विद्यार्थी उन्हें पिछले सेमेस्टरों में आवंटित अनुक्रमांक अंकित करें, इसके पश्चात Submit पर क्लिक करें। क्लिक करने पर उनका समस्त विवरण खुल जायेगा। तत्पश्चात् परीक्षा फार्म में माँगा गया पूर्ण विवरण भरने के पश्चात Submit Form पर क्लिक करें। Submit Form पर क्लिक करने से पूर्व अपना सम्पूर्ण विवरण पुनः अवश्य चैक कर लें। क्लिक करने के पश्चात् फार्म प्रिन्ट के लिए तैयार है।

4. परीक्षा फार्म एवं परीक्षा शुल्क ऑन लाईन के माध्यम से ही भरी जायेगी। किसी भी स्थिति में ड्राफ्ट स्वीकार नहीं किया जायेगा। ऑन लाईन शुल्क की प्रति परीक्षा फार्म के साथ संलग्न करना आवश्यक है।

5. परीक्षा फार्म में वॉछित सूचनायें इन्टरनेट पर ऑन लाईन (On Line) ही भरी जायेगी।

6. फार्म के साथ लगाये जाने वाले संलग्नकों में प्रत्येक संलग्नक के दाहिनी ओर शीर्ष पर अपना अनुक्रमांक छात्र को अवश्य अंकित करना चाहिए।

7. उपरोक्तानुसार पूर्ण रूप से भरे गये परीक्षा फार्म को परीक्षार्थी द्वारा सम्बन्धित महाविद्यालय/संस्थान में जमा कराया जायेगा। महाविद्यालय/संस्थान का यह दायित्व होगा कि वह प्रत्येक प्राप्त परीक्षा फार्म की जाँच कर यह सुनिश्चित् करें कि फार्म के साथ वॉछित संलग्नक लगाये गये हैं अथवा नहीं ? क्योंकि जिस पाठ्यक्रम एवं भाग के लिए परीक्षा फार्म भरा गया है, उसकी न्यूनतम योग्यता सम्बन्धी प्रमाण–पत्र परीक्षा फार्म के साथ संलग्न होना आवश्यक है।

Scanned with CamScanner

8. महाविद्यालय/संस्थान द्वारा विश्वविद्यालय को प्राप्त कराये गये परीक्षा फार्मों में यदि उपरोक्त वर्णित निर्देशों के सम्बन्ध में कोई त्रुटि विश्वविद्यालय स्तर पर पायी जाती है और इस कारण से किसी छात्र का परीक्षा फार्म निरस्त होता है तो उसकी पूर्ण जिम्मेदारी सम्बन्धित छात्र तथा महाविद्यालय/संस्थान के प्राचार्य/प्राचार्या/निदेशक की होगी, विश्वविद्यालय इसके लिए जिम्मेदार नहीं होगा।

विशेष निर्देशः–

i. महाविद्यालय/संस्थान द्वारा यह सुनिश्चित किया जाय कि **प्रथम सेमेस्टर (बैक पेपर एवं भूतपूर्व छात्रों) एवं तीसरे, पाचवें, सातवें एवं नवें सेमेस्टरों की केवल नोमिनल रोल लिस्ट (Nominal Roll-List) की प्रति ही विश्वविद्यालय में जमा करनी होगी, परीक्षा फार्म नहीं**। इन सेमेस्टरो के परीक्षा फार्म महाविद्यालय/संस्थान अपने पास सुरक्षित रखे।

ii. फार्म विश्वविद्यालय में जमा कराये जाने के समय महाविद्यालय/संस्थान द्वारा यह सुनिश्चित किया जायेगा कि कम्प्यूटर एजेन्सी द्वारा बनायी गयी ऑन लॉइन नॉमिनल रोल लिस्ट जो संस्थान के पोर्टल पर प्रेषित की गयी है केवल वही जमा होगी, संस्थान द्वारा अपने स्तर से निर्मित की गयी नहीं ?

iii. फार्म विश्वविद्यालय में जमा कराये जाने के समय विश्वविद्यालय द्वारा दिये गये समस्त अग्रिम देयकों (जैसे कि प्रोविजनल डिग्री फीस एवं परीक्षा हेतु दिये गये अग्रिम धनराशि आदि) का समायोजन कराकर लेखा विभाग द्वारा जारी अदेयता प्रमाण–पत्र (**No-dues Certificate**) की छाया प्रति परीक्षा फार्मों के साथ संलग्न करना अनिवार्य है अन्यथा की स्थिति में परीक्षा फार्म स्वीकार नहीं किये जायेगें।

iv. प्रथम सेमेस्टर में अध्ययनरत समस्त छात्रों (यू0पी0 बोर्ड के अतिरिक्त) के प्रवजन प्रमाण–पत्र (**Migration Certificate**) परीक्षा फार्मो से अलग **(अल्फावेट वाईज)** करना अनिवार्य है। प्रवजन प्रमाण–पत्र के अभाव में छात्र को किसी भी दशा में परीक्षा में सम्मिलित नहीं कराया जायेगा अन्यथा की स्थिति में समस्त जिम्मेदारी सम्बन्धित महाविद्यालय/संस्थान एवं छात्रों की स्वयं की होगी।

v. महाविद्यालयों/संस्थानों द्वारा यह सुनिश्चित किया जाय कि सेमेस्टर प्रणाली के अन्तर्गत संचालित पाठ्यक्रमों में किसी भी विद्यार्थी को दो सेमेस्टरों (एक मुख्य सेमेस्टर एवं एक भूतपूर्व छात्र के रूप में) का परीक्षा फार्म एक साथ न भरवाया जाय, अन्यथा की स्थिति में उनका परीक्षा फार्म स्वतः ही निरस्त कर दिया जायेगा, जिसकी समस्त जिम्मेदारी सम्बन्धित महाविद्यालय/संस्थान एवं छात्रों की स्वयं की होगी।

vi. उपर्युक्त पाठ्यक्रमों के प्रथम सेमेस्टर (बैक पेपर एवं भूतपूर्व छात्रों) एवं तीसरे, पाँचवें, सातवें एवं नवें सेमेस्टरों (रेगुलर, बैक पेपर एवं भूतपूर्व छात्रों) में यदि किसी छात्र के नाम, पिता के नाम, माता के नाम, अनुक्रमांक, नामांकन संख्या, जन्मतिथि एवं जाति में किसी प्रकार की त्रुटि है, तो उसे नोमिनल रोल लिस्ट में साक्ष्यों सहित **बोल्ड (Bold)** कर इंगित करने का कष्ट करें, जिससे कि उनको ठीक किया जा सकें।

**बैक पेपर एवं भूतपूर्व छात्रों हेतु विशेष निर्देशः–**

बैक पेपर एवं भूतपूर्व छात्रों के रूप में परीक्षा में सम्मिलित होने वाले विद्यार्थियों के परीक्षा फार्म अपने महाविद्यालय/संस्थान में जमा करने से पूर्व, निम्नलिखित बिन्दुओं का पालन सुनिश्चित करने के उपरान्त ही, सम्बन्धित विद्यार्थी का बैक पेपर परीक्षा फार्म जमाकर विश्वविद्यालय को प्रेषित किये जायेः–

i. बैक पेपर परीक्षा फार्म में, बैक पेपर परीक्षा हेतु अर्ह कोडों से अधिक कोड विद्यार्थी द्वारा न भरे गये हों।

ii. कोई भी विद्यार्थी एक साथ दो सेमेस्टर (एक भूतपूर्व छात्र के रूप में तथा एक मुख्य परीक्षा के रूप में) के परीक्षा फार्म न भरे अन्यथा की स्थिति में विद्यार्थी का परीक्षाफल घोषित नहीं किया जायेगा।

iii. बैक पेपर परीक्षा हेतु अर्ह कोडों से अधिक कोड नम्बर परीक्षा फार्म में भरे जाने पर सम्बन्धित छात्र को भूतपूर्व छात्र (**Ex-students**) के रूप में समस्त कोडों की परीक्षा देनी होगी।

CS Scanned with CamScanner

iv. उक्त के साथ–साथ यह भी अवश्य सुनिश्चित किया जाय कि बैक पेपर परीक्षा फार्म जमा कराने वाले विद्यार्थी द्वारा, उक्त सन्दर्भित परीक्षा में सम्मिलित होने सम्बन्धी अंकतालिका, अवश्य ही परीक्षा फार्म के साथ संलग्न की गयी हो।

v. सम्बन्धित महाविद्यालय परीक्षा से पूर्व परीक्षार्थियों की 75 प्रतिशत उपस्थिति तथा न्यूनतम आवश्यक पढाई की स्थिति सुनिश्चित करेगे। यदि कोई विद्यार्थी की ये औपचारिकताऐं पूर्ण न हो तो परीक्षा से पूर्व इसकी सूचना विश्वविद्यालय के कमेटी सेल को प्रेषित करेगे एवं सुनिश्चित करेगे कि परीक्षा मे ऐसे परीक्षार्थी न बैठ सकें।

vi. केवल ऐसे विद्यार्थी परीक्षा फार्म भरने को अनुमन्य होगे। जिनके प्रवेश विश्वविद्यालय स्तर से निर्गत दिशा निर्देशों के अन्तर्गत मेरिट से किये गये है।

<u>उपरोक्त परीक्षाओं हेतु फार्म जमा कराने की तिथियां निम्नानुसार निर्धारित की जाती हैं:–</u>

| | | |
|---|---|---|
| 1. | विश्वविद्यालय वेबसाईट पर परीक्षा फार्म ऑन लाईन उपलब्ध होने की प्रारम्भिक तिथि | 23.10.2022 |
| 2. | अभ्यर्थियों द्वारा ऑन लाईन परीक्षा फार्म एवं ऑन लाईन परीक्षा शुल्क सहित परीक्षा फार्म भरने की अन्तिम तिथि | 10.11.2022 |
| 3. | भरे गये परीक्षा फार्म को सम्बन्धित महाविद्यालय/संस्थान में जमा कराने की अन्तिम तिथि | 12.11.2022 |
| 4. | महाविद्यालय/संस्थान द्वारा परीक्षा फार्म को विश्वविद्यालय में जमा कराने की अन्तिम तिथि | 14.11.2022 |

कृपया यह सुनिश्चित कर लें कि अन्तिम तिथि के पश्चात किसी भी परीक्षार्थी का कोई भी परीक्षा फार्म किसी भी दशा में स्वीकार नहीं किया जायेगा।

20/10

सहा0 कुलसचिव (परीक्षा)

*प्रतिलिपिः*– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. सम्पादक, समस्त दैनिक समाचार पत्र को इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि कृपया उक्त प्रेस विज्ञप्ति को अपने सम्मानित दैनिक समाचार–पत्र के सभी संस्करणों में विशेष स्थान देते हुए छात्रहित में, निःशुल्क प्रकाशित कराने का कष्ट करें।
2. प्राचार्य/प्राचार्या/निदेशक, समस्त स्ववित्त पोषित महाविद्यालय/संस्थान, सम्बद्ध चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ को उपरोक्तानुसार कार्यवाही करने हेतु प्रेषित।
3. वैयक्तिक सहायक कुलपति को कुलपति जी के संज्ञानार्थ।
4. आशुलिपिक वित्त अधिकारी को वित्त अधिकारी जी के सूचनार्थ।
5. सहा0 कुलसचिव (परीक्षा/गोपनीय)।
6. प्रभारी, (सीक्रेसी), चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ।
7. प्रभारी, व्यावसायिक पाठ्यक्रम (रिजल्ट सैल), चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ।
8. प्रभारी (सामान्य/भण्डार)
9. आशुलिपिक कुलसचिव
10. विश्वविद्यालय प्रेस प्रवक्ता।
11. प्रभारी, वेबसाइट/कम्प्यूटर केन्द्र
12. विश्वविद्यालय सूचना पट।

सहा0 कुलसचिव (परीक्षा)

CS Scanned with CamScanner

चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ
**Chaudhary Charan Singh University, Meerut**

पत्रांक : परीक्षा/ 7326
दिनांक : 22-10-2022

## विज्ञप्ति

एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि विश्वविद्यालय से सम्बद्ध समस्त महाविद्यालयों में संचालित परास्नातक स्तर (एम0ए0, एम0काम0, एम0एस–सी0, एम0एस–सी0 कृषि) के सत्र 2022–23 की विषम सेमेस्टर (दिसम्बर–2022) तृतीय एवं स्नातक स्तर की सेमेस्टर प्रणाली के अन्तर्गत संचालित पाठ्यक्रमों की बी0एस–सी0 (कृषि) तथा बी0एस–सी0 (गृह विज्ञान) की विषम सेमेस्टर (तृतीय, पंचम एवं सप्तम) की मुख्य परीक्षा/बैक पेपर परीक्षा/भूतपूर्व छात्रों की परीक्षाओं तथा सेमेस्टर प्रणाली के अन्तर्गत संचालित एल0एल0एम0 एवं एल–एल0बी0 (त्रिवर्षीय) तृतीय एवं पंचम सेमेस्टर की परीक्षाओं तथा विश्वविद्यालय परिसर में संचालित समस्त स्नातक, परास्नातक एवं डिप्लोमा पाठ्यक्रमों (AICTE से मान्यता प्राप्त पाठ्यक्रमों को छोड़कर) की विषम सेमेस्टर परीक्षाओं हेतु परीक्षा फार्म दिनांक 22.10.2022 से विश्वविद्यालय की वेबसाईट पर ऑनलाईन भरवाये जाने हैं। माननीय कुलपति जी के आदेशानुसार उपरोक्त कक्षाओं के लिए परीक्षा फार्म विश्वविद्यालय की वेबसाईट **www.ccsuniversity.ac.in** एवं **www.ccsuweb.in** पर भरवाने की तिथियाँ निम्नानुसार निर्धारित की जाती हैं :–

<u>ऑन–लाईन परीक्षा फार्म भरने की निर्धारित तिथियाँ निम्नानुसार प्रस्तावित हैं :–</u>

| | | |
|---|---|---|
| 01. | छात्र/छात्राओं के परीक्षा फार्म वेबसाईट पर उपलब्ध होने की प्रारम्भिक तिथि | **23.10.2022** |
| 02. | छात्र/छात्राओं द्वारा परीक्षा फार्म वेबसाईट पर ऑन–लाईन भरने की अन्तिम तिथि तथा ऑन–लाईन परीक्षा शुल्क जमा करने की अन्तिम तिथि | **10.11.2022** |
| 03. | परिपूर्ण परीक्षा फार्म महाविद्यालय/संस्थान में जमा करने की अन्तिम तिथि | **12.11.2022** |
| 04. | महाविद्यालयों/संस्थानों द्वारा परीक्षा फार्म विश्वविद्यालय के परीक्षा विभाग में जमा करने की अन्तिम तिथि | **14.11.2022** |

विशेष नोट :–

1. प्रथम सैमेस्टर परीक्षा फार्म/स्पेशल सम सैमेस्टर परीक्षा फार्म एवं वार्षिक प्रणाली की बैक पेपर परीक्षा के विषय में अलग से विज्ञप्ति निर्गत की जायेगी।
2. विश्वविद्यालय नियमानुसार कोई भी अभ्यर्थी एक साथ दो सेमेस्टरों के परीक्षा फार्म भरे जाने हेतु अर्ह नहीं होगा।
3. समस्त छात्र/छात्राओं को अवगत कराना है कि विश्वविद्यालय वेबसाईट पर उपलब्ध सन्दर्भित परीक्षा फार्म भरे जाने से सम्बन्धित समस्त नियमो का भली–भाँति अध्ययन करने के पश्चात् ही परीक्षा फार्म भरा जाना सुनिश्चित करें।
4. विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित उपरोक्त तिथियों के पश्चात किसी भी अभ्यर्थी का परीक्षा फार्म किसी भी दशा में स्वीकार नहीं किया जायेगा।
5. समस्त महाविद्यालय/संस्थान/विभाग सभी सम सेमेस्टरों के मुख्य परीक्षा/बैक पेपर परीक्षा/भूतपूर्व छात्रों के परीक्षा फार्म को विश्वविद्यालय के परीक्षा विभाग में जमा करायेंगे।
6. परीक्षायें करवाने का कार्यक्रम उत्तर प्रदेश शासन द्वारा निर्गत दिशा–निर्देशों के अनुसार यथा समय विश्वविद्यालय वेबसाइट पर उपलब्ध कराया जायेगा।

22/10

सहा0 कुलसचिव (परीक्षा)

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

01. प्राचार्य/प्राचार्या/निदेशक, समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय/संस्थान, चौ0 चरण सिंह वि0वि0, मेरठ तथा समस्त विभागाध्यक्ष/निदेशक/समन्वयक, चौ0 चरण सिंह वि0वि0 परिसर, मेरठ को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि परीक्षा फार्म अग्रसारण से पूर्व अर्हता की भली–भांति जांच कर ली जाये कि जिस पाठ्यक्रम के लिए छात्र आवेदन कर रहा है, उसके लिए वह अर्ह है। अन्यथा की स्थिति में परीक्षा फार्म निरस्त कर दिया जायेगा, जिसका पूर्ण उत्तरदायित्व सम्बन्धित छात्र एवं महाविद्यालय/संस्थान/विभाग का होगा।
02. सचिव कुलपति को, माननीय कुलपति जी के अवलोकनार्थ प्रेषित।
03. वैयक्तिक सहायक–प्रति कुलपति को, मा0 प्रति कुलपति जी के अवलोकनार्थ प्रेषित।
04. वैयक्तिक सहायक–कुलसचिव को, कुलसचिव जी के संज्ञानार्थ प्रेषित।
05. वैयक्तिक सहायक–परीक्षा नियंत्रक को, परीक्षा नियंत्रक जी के संज्ञानार्थ प्रेषित।
06. वैयक्तिक सहायक–वित्त अधिकारी को वित्त अधिकारी जी के सूचनार्थ।
07. लेखाधिकारी को सूचनार्थ प्रेषित।
08. उप कुलसचिव/सहा0 कुलसचिव (गोपनीय/लेखा/सामान्य/कमैटी सैल/अति गोपनीय विभाग)।
09. समस्त अनुभाग प्रभारी, परीक्षा विभाग।
10. विश्वविद्यालय पूछताछ केन्द्र/सूचना पट।
11. विश्वविद्यालय प्रेस प्रवक्ता/प्रभारी, विश्वविद्यालय वेबसाईट।
12. विश्वविद्यालय द्वारा अधिकृत कम्प्यूटर एजेन्सियों को इस आशय के साथ प्रेषित कि उपरोक्त समस्त पाठ्यक्रमों के परीक्षा फार्मों को विश्वविद्यालय नियमानुसार ही भरवाने की व्यवस्था सुनिश्चित करने का कष्ट करें।

सहा0 कुलसचिव (परीक्षा)

CS Scanned with CamScanner